कार्यशाला का आयोजन

भरतपुर (निस)। भरतपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ द्वारा साइबर क्राइम जानकारी और बचाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। भरतपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ और जिला पुलिस भरतपुर के संयुक्त तत्वधान में साइबर क्राइम जानकारी और बचाव के लिए एक संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा आईपीएस के निर्देशानुसार साईबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को नीतिराज सिंह शेखावत अति पुलिस अधीक्षक और विजय सोनी प्रोग्रामर साईबर क्राईम पुलिस थाना भरतपुर के द्वारा भरतपुर चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्ड में साईबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल द्वारा अथितियों और वक्ताओं का स्वागत सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद अति पुलिस अधीक्षक द्वारा सभागार में उपस्थित व्यक्तियों को वर्तमान में हो रहे साईबर अपराध जैसे बिजली का बिल केवाईसी अपडेट के बहाने, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरैस्ट, सामाजिक योजनाओ के सरकार के द्वारा जारी सहायता राशि व परिचित बनकर पैसे भेजने आदि के बारे में व उसकी रोकथाम हेतु क्या प्रयास किये जाये।

भरतपुर शहर में तीन दर्जन से अधिक कॉलोनियों एवं बस्तियों में जलभराव, लोग परेशान

भरतपुर (निस)। जिले में हो रही बरसात से जिले के हाल बेहाल हैं। भरतपुर शहर में तीन दर्जन से अधिक कॉलोनियों एवं बस्तियों में जलभराव से लोग परेशान हैं। वहीं मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र, जिला कलेक्ट्रेट परिसर सहित अनेक सरकारी कार्यालय भी जलभराव से जूझ रहे है। गणेश नगर कॉलोनी में जलभराव ने बिजली के ट्रॉसफार्मर में जलभराव होने से लोगों में करंट को लेकर डर बैठ गया बाद में बिजली विभाग की ओर से गणेश नगर कॉलोनी के लोगों की सुरक्षा को लेकर बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। बिजली सप्लाई बंद है। जलभराव एंव बरसात की संभावना को देखते हुए मंगलवार को जिला कलेक्टर की ओर से स्कूलों की छुटटी कर दी गई है । जबकि आगामी चार दिनों तक भरतपुर जिले में भारी बारिश की मौसम विभाग ने चेतावनी दी है।

शहर की कॉलोनियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में बरसात से करीब आधा दर्जन मकानों की दीवारें गिरने की सूचना प्राप्त हुई हैं। नवीन मण्डी यार्ड में पिछले समय से एवं इस समय हुई बरसात से भारी जलभराव होने की वजह से नवीन मण्डी यार्ड के व्यापारियों ने अनिश्चितकाल के लिए मण्डी बंद करने की घोषणा की है। भरतपुर जिले में हो रही बरसात एवं करौली के पांचना बांध से आ रहे पानी को लेकर गंभीर नदी एवं अन्य बांधों में पानी की बडी आवक होने के बाद भी जहां जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी पूरी भागदौड कर हालात को देख रहे हैं। वहीं इस मामले में जलसंसाधान विभाग सिचांई विभाग की ओर से लापरवाही भी बरती जा रही है। जिसके तहत सिंचाई विभाग के कर्मचारियों से लेकर अधिशाषी एवं अधीक्षण अभियंता के द्वारा फोन नहीं उठाने, लोगों की समस्याओं को नहीं सुनने एवं बरसात के आंकडे भी नहीं देने को लेकर सिंचाई विभाग की अकर्मण्यता सामने आ रही है। इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारियों को मिलने के बाद जिला कलेक्टर ने एक आदेश जारी कर जिला कलेक्ट्रेट एवं एसडीएम ऑफिस सहित विभिन्न तहसील मुख्यालयों पर बाढ नियत्रंण कक्ष बनाए हैं और इन अधिकारियों के मोबाइल नम्बर भी जारी किए हैं। जिससे लोगों को असुविधा नहीं हो क्योकिं भरतपुर जिला मुख्यमंत्री का गृह जिला है और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी पूरी तरह से निगरानी बनाए हुए है और उन्होंने एडवायजरी भी जारी की है। जबकि जिला प्रभारी मंत्री सुरेश रावत भी जल संसाधन सिंचाई विभाग के मंत्रालय को संभाल रहे हैं। इसके बाद भी सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी बरसात के हालात को गंभीरता से नहीं ले रहे है। भरतपुर जिले में सोमवार को 290 एमएम बरसात हुई है। जिसमें भरतपुर शहर में 63 एमएम नदबई में 24 एमएम, बयाना में 74, वैर में 53, भुसावर में 51, रूपवास में 8 एवं उच्चैन में 12 एमएम बरसात हुई है।

करौली जिले के पांचना बांध से पानी की आवक लगातार जारी है और पानी सेवला हेड पर ओवरफ्लो चल रहा है। भरतपुर में बरसात से बिगडे हालातों को देखते हुए जिला प्रभारी सचिव शुचि, जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित अनेक अधिकारियों ने जलभराव क्षेत्रों एवं पांचना से आ रहे पानी के क्षेत्र का अवलोकन किया।

प्रशासनिक अधिकारी बरसात से शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए ट्रेक्टर पर सवार होकर मौके पर पंहुचे। दिन भर हो रही बरसात के चलते अधिकारियों को छाता का सहारा लेने को मजबूर होना पडा।

भरतपुर शहर में तीन दर्जन से अधिक कॉलोनियों एवं बस्तियों में जलभराव।

सार-समाचार

बाढ प्रभावित क्षेत्रो का जायजा लिया

करौली में भाजपाईयो ने जल भराव से पीडित लोगो से मुलाकात हर संभव सहायता का आष्वासन दिया।

करौली (नि.स.)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी भाजपा कार्यकर्ता कृष्णकांत शर्मा उर्फ सोनू सरासर,तेजेन्द्र सिंह ने बाढ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया इस दौरान बाढ पीडित इलाकों में प्रभावित लोगों से उनकी समस्याएं सुनी एवं मौके पर पहुंच कर वास्तविक स्थिति को देखा। प्रभावित लोगों के भोजन पानी आदि की समस्याओं को सुना तथा उनका निस्तारण किया। जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला एवं विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा ने प्रभावित पीडित लोगों को आश्वासन दिया और ढांढस बंधाया भाजपाईयों ने गौशाला मार्ग, होली खिड़की राधेश्याम मैरिज गार्डन,पावर हाउस जाकर वहां की वास्तविक स्थिति को देखा और अधिकारियों से चर्चा की तथा भोजन एवं पीने के पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था की। आशुतोष तिवारी ने बताया कि खादी भंडार से आगे मंडरायल रोड पर प्रभावित लोगों ने जाम लगाया सूचना पाकर कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे पहुंच कर आम जन को प्रशासन द्वारा दिए जा रहे सहयोग एवं सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासो से अवगत कराकर वहां अधिकारियों और आमजन में सामंजस्य बिठाकर जाम को खुलवाया।

तिरंगा यात्रा निकाली

डीग (निस)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डीग श्रुति भारद्वाज ने सोमवार को डीग के प्राचीन जल महल से आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत डीग वासियों, स्काउट गाइड, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं जिले के समस्त राजकीय अधिकारी कर्मचारी द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रारंभ हुआ यह अभियान प्रत्येक प्रदेशवासी जिलेवासी को देश के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। जिलेभर में इस अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट, तिरंगा कैनवस, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर एक बार फिर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान वृहद स्तर पर प्रारंभ हो चुका है। तिरंगा रैली डीग के जल महल से प्रारंभ हुई। यात्रा से पूर्व श्रुति भारद्वाज ने उपस्थित सभी आमजन को नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत सामूहिक शपथ दिलाई। बता दें कि भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान का प्रारंभ 15 अगस्त 2020 से 5 वें वर्ष में प्रवेश होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण राजस्थान में दिनांक 12 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक सामूहिक शपथ समारोह एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात यात्रा जल महलों से होते हुए लक्ष्मण मंदिर, घंटाघर, लोहामंडी, पीएनबी बैंक, लाला मनोहर लाल खंडेलवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुराना बस स्टैंड सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से होते हुए वापस जल महल पहुंची। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के प्रत्येक उपखंड में भी लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा फहराने की शपथ ली। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, उपखंड अधिकारी डीग रवि गोयल, आयुक्त नगर परिषद मनोज मीणा, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग विकास शर्मा, तहसीलदार जुगिता मीणा सहित बड़ी संख्या में आमजन एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक सम्पन्न

कामां (निस)। कामां नगरपालिका भवन में पालिका अध्यक्ष गीता देवी खण्डेलवाल की अध्यक्षता में ऐतिहासिक भोजनथाली कुश्ती दंगल एवं परिक्रमा महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पार्षदों ने ध्वनिमत से मेला सम्पन्न कराने के लिये 50 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव को पारित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार नगरपालिका भवन में आयोजित भोजनथाली एवं मेला परिक्रमा महोत्सव को लेकर आधा दर्जन पार्षदों ने अपनी राय प्रकट करते हुये नगरपालिका अध्यक्ष गीता देवी खण्डेलवाल पर आरोपों की बौछार लगा दी। बैठक में वार्ड नम्बर 34 के पार्षद किशोर तिवारी ने कहा कि भोजनथाली कुश्ती दंगल में कस्बे के ही गणमान्य लोगो को ही कमेटियों में शामिल किया जाना चाहिए साथ ही किशोर तिवारी ने कहा कि कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये जाने पर प्रस्ताव रखा। जिसे सभी पार्षदों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। बैठक में उदयभान यादव, लक्ष्मन सैनी, सीमा गोयल के अलावा कनिष्ठ अभियंता कृपालसिंह, चतुर्भुज सैनी, जसराम गुर्जर के अलावा काफी संख्या में मीडियाकर्मी मौजूद थी।

श्रद्धांजलि दी

भरतपुर (निस)। पूर्व विदेश मत्री नटवर सिंह के निधन का समाचार सुनकर समाज में दुख व्याप्त हो गया। कुंवर नटवर सिंह के निधन पर जाट समाज ने दिल्ली पहुंचकर कुंवर नटवर सिंह को श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार श्रद्धांजलि में डॉ. प्रेम सिंह कुंतल, राकेश फौजदार, थान सिंह जटमासी, छत्तर सिंह बछामदी, गोविन्द सिंह भगौर, साहब सिंह, डॉ नौनिहाल सिंह डागुर, ओमप्रकाश आजाद, उमेश गोधारा, सतप्रिय आर्य आदि उपस्थित रहे।

जतिधाम आश्रम में फंसे सैकड़ों श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला

सवाई माधोपुर, (निसं)। जिले में तीन दिन से बारिश का दौर लगातार जारी है, जिसके चलते नदी- नाले उफान पर हैं।

बरसाती नालों ने भी रौद्र रूप धारण कर रखा है। लगातार हो रही बरसात में कई जगह विकट हालात पैदा कर दिए हैं। जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय के निकट खंडार रोड कुशालीपुरा स्थित जतिधाम आश्रम पर डिग्गी कल्याण पैदल यात्रा पर जाने वाले सौ से अधिक श्रद्धालु यात्री बरसाती नाले का पानी तेज आने के कारण आश्रम में फंस गए, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन को दी तो वहां से निर्देश मिलते ही शहर पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, सिविल डिफेंस इंचार्ज देवहंस गुर्जर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ में कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस तथा सिविल डिफेंस सहित पुलिस मित्र सुभम सीठा सहित स्थानीय लोगो के संयुक्त प्रयासों से जतिधाम में फंसे हुए यात्रियों को कड़ी मशक्कत करके सकुशल सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के दौरान वतन फाउंडेशन टीम के साथियों ने पुलिस और सिविल डिफेंस टीम के साथ यात्रियों को निकलवाने में मदद की। इस दौरान रेस्क्यू टीम को बताया गया कि इन यात्रियों में से कुछ यात्री स्वम नाला पार करने लगे तो उनमें से एक महिला बह गई जिसको लोगों ने तलाश भी किया लेकिन महिला नहीं मिली। उसके बाद पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और पानी में बही महिला के शव को निकाला।

जिला कलेक्टर ने तिरंगा यात्रा को किया रवाना

धौलपुर,। स्वाधीनता दिवस से पहले देशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे के प्रति आमजन में गौरव की भावना उत्प्रेरित करने जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने भारत माता की जय के उद्घोष के बीच तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। गांधी पार्क से शुरू हुई तिरंगा रैली एवं तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में विद्यार्थी, अधिकारी एवं आमजन एकत्रित हुए। जिला कलक्टर एवं अधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को वंदन करने के बाद हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी देते हुए लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने हाथों में तिरंगा रिबन बांधे एवं तिरंगा हाथ में थामे हुए तिरंगा यात्रा निकली गई। अभियान के तहत आमजन में स्पिरिट ऑफ तिरंगा विकसित करने के लिए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के नेतृत्व में शुरू हुई तिरंगा रैली गांधी पार्क से चूड़ी बाजार से गुजरते हुए रानी पैलेस, राधा बिहारी रोड़ होते हुए बालिका विद्यालय धौलपुर पहुंची।

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों में तिरंगा कैनवास लगाया जाकर जय हिंद एवं हर घर तिरंगा लिखा जा रहा हैं। उसके साथ सेल्फी व फोटो लिए जा रहे हैं। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य जन जन तक देश प्रेम की भावना एवं देश गौरव बढ़ाने के लिए आमजन को संदेश देना है।

जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

नदी तालाबो व पोखरो के आस-पास ना करे भ्रमण

करौली (नि.स.)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की आमजन से अपील नदी,पोखर,तालाबों के आस-पास भ्रमण करने व नहाने ना जाये एवं अपने बच्चों को ना जाने दें।

जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने लगातार वर्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए जिलेवासियों से अपील की है कि जलभराव क्षेत्रों नदी,नालों, पोखरों एवं नहरों के आस-पास भ्रमण करने व नहाने नहीं जाये एवं अपने परिजनों विशेष कर बच्चों को भी नहीं जाने दें।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा लगातार वर्षा की चेतावनी को देखते हुए नदी, नालों, पोखरों एवं जलबहाव क्षेत्रों के आस-पास नहीं जायें, किसी भी समय पानी की आवक बढ़ सकती है।

टोडाभीम क्षेत्र में पुलों के ऊपर से होकर पानी की आवक

टोडाभीम, (निसं)। उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले चार से पांच दिनों से तेज बारिश का दौर चल रहा है। टोडाभीम के आसपास के ग्रामीण इलाकों में जलभराव की समस्या से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपखंड मुख्यालय के समीपवर्ती गांव नांगल शेरपुर सहित आसपास के गांवों में बने पुलों के ऊपर होकर पानी निकल रहा है। दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच किसान बुगे में अपनी मोटरसाइकिलों को रखकर भी लोग पार कर रहे हैं। वहीं पानी इतना अधिक है कि बड़े वाहनों को भी पानी में होकर निकलने में काफी परेशानी हो रही है।वहीं गांव नांगल शेरपुर गांव के हालात यह है कि गांव में होकर नदी की तरह पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं जिन लोगों के मकान के आसपास जल भराव हो गया है। वह काफी डरे हुए नजर आ रहे हैं। उन्हें डर है कि कहीं जलभराव से मकान गिरने जैसी किसी समस्या का सामना ना करना पड़े। टोडाभीम उपखंड मुख्यालय के प्रशासनिक अमला द्वारा भी लगातार नदी क्षेत्र के आसपास लोगों से दूर रहने की अपील की जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक मुरारी लाल मीना व थानाअधिकारी दिलीप कुमार वर्मा डॉक्टर लोकेश मीना भी मौके पर पहुंचकर लोगों से नदी बहाव क्षेत्र में नहीं जाने व दूर रहने की अपील कर रहे हैं। वहीं गंभीर नदी में पानी की आवक अधिक होने के चलते अब कई गांव का आपस में आने जाने का संपर्क टूट गया है।

वाहनो की आर.सी. का किया निलम्बन

धौलपुर, । जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने अवगत कराया कि वाहन पोर्टल पर उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार जिन भार वाहनो के फिटनेस प्रमाण पत्र वैध नही है, जो कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से आमजन को हानि पहुँचा सकते है एवं साथ मे बकाया टैक्स मे डिफॉल्टर है ऐसे वाहनों के वाहन स्वामियों को नियमानुसार वाहनों के पंजीयन निलम्बन हेतु कई बार नोटिस प्रदान कर तथा डिजीटल माध्यम के द्वारा वाहन स्वामियों के मोबाईल नम्बर पर अपना पक्ष रखने हेतु मैसेज भी करवाकर अपना पक्ष रखने हेतु समुचित अवसर प्रदान किया गया, नियत दिनांकों को सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं होने पर ऐसे वाहन स्वामियां के 426 वाहनों का सम्बन्धित कानूनी प्रावधान एवं मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 53(1)(I) के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र का निलम्बन इस कार्यालय द्वारा कर दिया गया है।

त्रिनेत्र गणेश मंदिर में फंसे 23 श्रद्धालुओं की जान बचाई

जयपुर। सवाई माधोपुर जिले में थाना कुन्दरा के अंतर्गत अतिवृष्टि के कारण रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में फंसे 23 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू रोप एवं लाइफ जैकेट की सहायता से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम ने बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सफलता हासिल की।

एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में दर्शन के लिए कुछ दर्शनार्थी आए हुए थे। क्षेत्र में हो रही अतिवृष्टि के कारण कुछ दर्शनार्थी वहीं फंस गए। इसकी सूचना मिलने पर आपदा राहत एवं बचाव के लिए सवाई माधोपुर में तैनात रेस्क्यू टीम सी-7 के प्रभारी हैड कांस्टेबल कंवर पाल सिंह को अविलम्ब घटनाएं स्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए गए। रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ शाम 6:15 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम रोप रेस्क्यू उपकरणों की सहायता से मंदिर में फंसे दर्शनार्थियों के पास पहुंची। टीम ने रात 9:30 बजे तक मंदिर में फंसे कुल 17 दर्शनार्थियों को लाइफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। बाकी दर्शनार्थियों के सुरक्षित होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सोमवार सुबह फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू टीम रोप रेस्क्यू उपकरणों की सहायता से फिर मंदिर में फंसे दर्शनार्थियों के पास पहुंची और शेष बचे 6 दर्शनार्थियों को लाइफ जैकेट पहना कर रोप की सहायता से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

उच्चौन के प्रधान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव हुआ पास

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिले की बहुचर्चित पंचायत समिति उच्चैन के प्रधान पद के विरुद्ध पंचायत समिति सदस्यों की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सोमवार को पारित हो गया। गत विधानसभा चुनावों के बाद से पंचायत समिति के प्रधान पद के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सरगर्मियां बनी हुई थी। करीब दो माह पूर्व उच्चैन के पंचायत समिति सदस्यों की ओर से भरतपुर जिला परिषद के मुख्य अधिकारी के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु आवेदन किया गया था। जिसे लेकर रिटर्निंग अधिकारी राजीव शर्मा की अध्यक्षता में उज्जैन के पंचायत समिति कार्यालय परिसर में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए बैठक आहूत की गई। जिसमें पंचायत समिति के 15 सदस्यों में से 14 सदस्य उपस्थित हुए। रिटर्निंग अधिकारी राजीव शर्मा ने बताया कि उपस्थित हुए 14 सदस्यों में से 13 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में व एक ने अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान किया। इस अविश्वास प्रस्ताव के पश्चात अब उच्चैन के राजनीतिक गलियारों में जहां तरह तरह की चर्चाएं होने लगी हैं, वहीं अब राजनीतिक समीकरणों में भी काफी बदलाव आएगा। आपको बता दें उच्चैन नदबई विधानसभा क्षेत्र से तत्कालीन विधायक और उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जोगेंद्र सिंह अवाना जो गत विधानसभा चुनाव भी हार गए थे। उसके बाद उनके पुत्र एवं पंचायत समिति प्रधान हिमांशु अवाना के विरुद्ध यह अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिससे सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है कि राजनीति में कब क्या हो जाए और कब कोई अर्श से फर्श पर आ जाए। शायद इसीलिए जनता को जनार्दन भी कहा गया है। इस अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने के बाद अब महत्वकांक्षी लोगों व प्रधान पद पाने के आतुर सदस्यों में गहमागहमी मच गई है और अपनी अपनी गोटी फिट करने की कवायत तेज हो गई है।

शपथ दिलाई

भरतपुर(निस)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा आयोजित नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में प्रिंसिपल डॉक्टर रंजना तिवारी ने समस्त विद्यालय स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा विकसित भारत का यही मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र इस थीम पर सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय संपूर्ण भारत में नशा मुक्ति अभियान चला रहा है।

नशा सभी सामाजिक बुराइयों का मूल है, नशा परिवार एवम समाज को क्षितग्रस्त कर रहा है और इसकी सबसे बड़ी मार नशा करने वाले व्यक्ति पर तो कैंसर आदि बीमारियों से पढ़ती ही है साथ ही परिवार में महिला व बच्चे उनका भी संपूर्ण विकास अवरूद्ध हो जाता है। उन्होंने शपथ को केवल औपचारिकता नहीं मानने की अपील करते हुए इसका अक्षरश: पालन करने की अपील की।

हिंडौन में तीसरे दिन भी बादलों की बेरहमी बरकरार, छह घण्टे में चार इंच बारिश

हिंडौन सिटी, (निसं)। गत तीन दिनों से हिंडौन शहर सहित आसपास के क्षेत्र में हो रही बादलों की बेरहमी सोमवार को भी बरकरार रही और छह घंटे में फिर चार इंच बारिश दर्ज हुई। इस दौरान जलसन तालाब ओवरफ्लो हो गया तो वहीं एक दर्जन से ज्यादा बांध और तालाब लबालब हो गये हैं। शहर में पैदा हुए बाढ़ के हालातों

- **जलसन तालाब ओवरफ्लो, जाट का तालाब सहित एक दर्जन से अधिक तालाब और बांध लबालब**
- **क्षेत्र में अतिवृष्टि से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं, बाजार में तीन दिन से लबालब पानी भरा हुआ है**

से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी बाढ़ग्रसित क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं तो वहीं प्रशासन और आमजन की ओर से लोगों को रसद सामग्री पहुंचाने का भी काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गत शनिवार से क्षेत्र में भारी बारिश का दौर शुरू हुआ, जिसमें सोमवार को भी सुबह चार बजे से दस तक फिर से झमाझम बारिश हुई। इस दौरान छह घंटे में चार इंच बारिश दर्ज हुई। गौरतलब है कि शनिवार को चार इंच, रविवार को साढे चार इंच और सोमवार को फिर चार इंच बारिश दर्ज हुई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 1 जून से लेकर अब तक हिंडौन क्षेत्र में 612 एमएम बारिश दर्ज हुई है जिसमें से 312 एमएम बारिश गत 3 दिनों में दर्ज हुई है। इस तरह कहा जा सकता है कि मौसम की अब तक की आधी बारिश केवल तीन दिनों में हुई है। शहर से बिल्कुल सटे हुए जलसैन तालाब में भी पानी की भारी आवक हो गई है जिससे जलसैन तालाब ओवरफ्लो हो गया है और पाल के ऊपर से पानी जा रहा है। यह पानी शहर में घुस रहा है। जिससे पहले से ही लबालब कॉलोनी में जलस्तर और बढ़ गया। इस तरह क्षेत्र में अतिवृष्टि से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। बाजार में तीन दिन से लबालब पानी भरा हुआ है। कई कॉलोनी में तो 5 से 6 फीट तक पानी भरा हुआ है। इधर मौसम विभाग आगामी 72 घंटे में क्षेत्र में फिर से भारी बारिश की चेतावनी दे रहा है। सोमवार को भी संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा व जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना सहित कई आला अधिकारी डेरा डाले रहे। बाढ़ग्रसित क्षेत्र में फंसे लोगों को भोजन के पैकेट, दूध व अन्य रसद सामग्री पहुंचाने के के लिए नगर परिषद प्रशासन के अलावा क्षेत्र के समाजसेवी व आसपास के गांवों से जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी जुटे हुए हैं। एसडीआरएफ टीम की मदद से एवं ट्रैक्टर ट्राली में भरकर बाढ़ ग्रसित क्षेत्र में लोगों की मदद कर रहे हैं।

हिण्डौन सिटी के कटरा बाजार की कॉलोनी से एक बुजुर्ग को एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के जवानों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

जिला प्रशासन ने जल भराव के आसपास नहीं जाने सलाह दी

भरतपुर (निस)। मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश की चेतावनी एवं गंभीर नदी में पानी की आवक को देखते हुये जिला प्रशासन द्वारा नदी, नालों, तालाब व पोखरों एवं झरनों के आसपास नहीं जाने तथा अधिक वर्षा को देखते हुये जलबहाव क्षेत्रों में पिकनिक नहीं मनाने की सलाह दी है।

जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी एवं पांचना बांध से नदी में पानी छोडे जाने से अनेक वर्षों बाद बडी मात्रा में गंभीर नदी में पानी की आवक हुई है। ऐसे में आसपास के सभी गांवों के नागरिकों को सावचेत रहने की जरूरत है जिससे जलजनित घटनाओं को रोका जा सके।

उन्होंने बताया कि करौली जिले में लगातार वर्षा से पांचना बांध में पानी की आवक बनी हुई है साथ ही हिण्डौन क्षेत्र से जगर बांध के ओवरफ्लो होने पर उसका पानी भी गंभीर नदी में आयेगा।

उन्होंने बताया कि गंभीर नदी पर हिण्डौन के आसपास बने छोटे छोटे एनिकटों के टूटने का भी अंदेशा रहता है ऐसे में एक साथ कभी भी बडी मात्रा में पानी की आवक होने की संभावना है। जिला कलक्टर ने बताया कि वर्तमान में गंभीर नदी में समोगर पुल के पास लगभग 13 फीट पानी की आवक है साथ ही नदी के दोनों किनारों को छूता हुआ पानी पूरे वेग के साथ बह रहा है। उन्होंने नदी के आसपास के सभी गांवों के प्रबुद्ध नागरिकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन से आव्हान किया है कि नदी के बाहव क्षेत्र में नागरिकों को नहीं जाने दें और न ही पशुधन को लेजाने दें। कभी भी पानी की तेज आवक होने की संभावना रहेगी।

जिला पुलिस अघीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि नदी के बहाव क्षेत्र के सभी गांवों क्षेत्रों की पुलिस चौकियों को अलर्ट किया गया है। सभी गांवों में बीट पुलिस जवानों को ग्रामीणों से सम्पर्क में रहते हुये अलर्ट रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि जिले में नदियों के बहाव क्षेत्रों, तालाब, पोखर एवं पिकनिक स्थलों पर आमजन की भीड एकत्रित नहीं हो, जल के बहाव क्षेत्र से दूर रहें इसके लिये पुलिस निरन्तर निगरानी रख रही है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया है कि सेल्फी अथवा सोशल मीडिया की रील बनाने के चक्कर में जीवन को खतरे में नहीं डालें पानी के वेग से दूर रहें।